ईसा पूर्व तीसरी सहस्राब्दी के द्वितीय अर्द्धांश में सिंधु नदी के तट पर एक समृद्ध सभ्यता का प्रादुर्भाव हुआ जो आगे चलकर उत्तर-पश्चिम और पश्चिम भारत के विशाल भाग में फैल गयी। जिसे हड़प्पा सभ्यता या सिंधु घाटी सभ्यता के रूप में जाना जाता है। जीवंत कल्पना और कलात्मक संवेदनशीलता इस प्राचीन सभ्यता की विशिष्टता थी जो उत्खनन स्थलों पर पायी गई अनेकानेक **मूर्तियों, मोहरों, मृद्भाण्डों, आभूषणों** आदि से प्रकट होती है। इस सभ्यता के दो प्रमुख स्थल- हड़प्पा और मोहनजोदड़ो, **शहरी नियोजन** के आरंभिक और सर्वोत्तम उदाहरणों में से एक हैं। सड़कों का नियोजित नेटवर्क, मकान तथा जल निकास प्रणाली इस युग के दौरान विकसित नियोजन और अभियांत्रिकी कौशल का प्रमाण है।

सिंधु घाटी सभ्यता के कुछ **महत्वपूर्ण स्थल** और उनकी **पुरातात्विक प्राप्तियां**:

- वर्तमान पाकिस्तान में **हड़प्पा** (रावी नदी के तट पर) - विशाल चबूतरों वाले *छह अन्नागारों* की 2 कतारें, लिंग और योनि के पाषाण प्रतीक, मातृदेवी की मूर्ति, लकड़ी की ओखली में गेहूं और जौ, पासा, ताम्र तुला और दर्पण। इसके अतिरिक्त, कांस्य धातु की बनी हिरण का पीछा करते हुए कुत्ते की मूर्ति, और लाल बालुआ पत्थर से बना पुरुष धड़ खुदाई में प्राप्त किए गए हैं।
- वर्तमान पाकिस्तान में **मोहनजोदड़ो** (सिंधु नदी के तट पर) किले, वृहत् स्नानागार, शवाधान, दाढ़ी वाले पुजारी की मूर्ति, नर्तकी की प्रसिद्ध कांस्य मूर्ति और पशुपति मोहर।
- गुजरात में **धौलावीरा** - विशाल पानी के कुंड अद्वितीय जलदोहन प्रणाली, स्टेडियम, बांध और तटबंध, विज्ञापन पट्टिका की भांति 10 बड़े आकार के संकेताक्षरों वाला अभिलेख। यह सबसे **नवीनतम** खोजा गया IVC **शहर** है।
- गुजरात में **लोथल (सिंधु घाटी सभ्यता का मैनचेस्टर)** - समुद्री व्यापार का महत्वपूर्ण स्थल, गोदीवाड़ा, (जहाज बनाने का स्थान), धान की भूसी, अग्नि वेदिकाएं, चित्रित मृद्भाण्ड, आधुनिक शतरंज, घोड़े और जहाज की टेराकोटा आकृति, 45°, 90° और 180° कोण मापने वाले उपकरण।
- हरियाणा में **राखीगढ़ी** – सिंधु घाटी सभ्यता का **सबसे बड़ा स्थल** माना जाता है। अन्नागार, कब्रिस्तान, नालियां, टेराकोटा की ईंटे मिली हैं। इसे हड़प्पा सभ्यता की **प्रांतीय राजधानी** कहा जाता है।

- **रोपड़** – पंजाब में सतलज नदी के तट पर स्थित है। यहां अंडाकार गड्ढे में मानव शव के साथ दफन कुत्ता तथा तांबे की कुल्हाड़ी के साक्ष्य मिले हैं। आजादी के बाद खोजी गयी पहली साइट।
- राजस्थान में **बालाथल** और **कालीबंगा** – चूड़ी कारखाना, खिलौने, ऊंट की हड्डियां, अलंकृत ईंटें, गढ़ी (दुर्ग) और निचला नगर, अग्नि वेदिकाएं।
- गुजरात में **सुरकोटदा** – घोड़े की हड्डियों का पहला वास्तविक अवशेष।
- हरियाणा में **बनवाली** – (सूखी हुई सरस्वती नदी पर)–खिलौना हल, जौ, लाजवर्द, अग्नि वेदियां, अंडाकार आकार की बस्ती, अरीय (radial) गलियों वाला एकमात्र नगर।
- यमुना के तट पर मेरठ, उत्तर प्रदेश में **आलमगीरपुर** – सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे पूर्वी स्थल। प्रमुख खोजों में तांबे के बने हुए टूटे फलक, मिट्टी की बनी वस्तुएं और नांद पर कपड़े की छाप।
- पाकिस्तान में स्थित **मेहरगढ़** को सिंधु घाटी सभ्यता का अग्रदूत माना जाता है, यहां मिट्टी के बर्तन, तांबे के औजार मिले हैं।
- **चनहुदड़ो (भारत का लंकाशायर)** – **बिना गढ़ वाला** अकेला सिंध शहर। यह वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित है। मनके बनाने का कारखाना, लिपस्टिक का उपयोग यहां पाया गया है।
- **कोट दीजी** वर्तमान पाकिस्तान में स्थित, यहां से टार, बैल और मां देवी की मूर्तियां खुदाई में पाई गई हैं।
- **सुत्कागेनडोर** IVC का सबसे पश्चिमी स्थल, पाकिस्तान में स्थित है। यहां मिट्टी की चूड़ियां मिली हैं।
- **बालू (हरियाणा)** विभिन्न पौधों के अवशेष मिले हैं। (लहसुन के सबसे प्रारंभिक साक्ष्य)।
- **दाइमाबाद (महाराष्ट्र),** IVC का सबसे दक्षिणी स्थल। कांस्य रथ सहित कांस्य की मूर्तियां यहां पाई गई हैं।
- **केरल-नो-धोरो (गुजरात)** IVC के दौरान नमक उत्पादन केंद्र।
- **कोट बाला (पाकिस्तान)** भट्ठी के प्राचीनतम प्रमाण।
- **मांड (जम्मू और कश्मीर)** IVC का सबसे उत्तरी स्थल।

IVC के अन्य प्रमुख स्थलों में देसलपुर (गुजरात), पाबूमठ (गुजरात), रंगपुर (गुजरात), शिकारपुर (गुजरात), सनौली (उत्तर प्रदेश), कुणाल (हरियाणा), करनपुरा (राजस्थान), गनेरीवाला (पंजाब), आदि शामिल हैं।

हड़प्पा सभ्यता की वास्तुकला

हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के अवशेष, नगर नियोजन की उल्लेखनीय समझ प्रकट करते हैं। यहां के नगर **आयताकार ग्रिड पैटर्न** पर आधारित थे। सड़कें उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम दिशा में जाती थीं और एक-दूसरे को **समकोण** काटती थीं।

उत्खनन स्थलों से मुख्य रूप से **तीन प्रकार के भवन** पाए गए हैं – *आवास गृह, सार्वजनिक भवन और सार्वजनिक* स्नानागार। निर्माण के लिए हड़प्पाई लोग मानकीकृत आयामों वाली **मिट्टी की पक्की ईंटों** का उपयोग करते थे। भली-भांति पकी हुई ईंटों की कई परतें बिछायी जाती थीं और इसे **जिप्सम के गारे** का उपयोग करके एक साथ जोड़ा जाता था।

नगर दो भागों में विभाजित था- **ऊंचे गढ़ (दुर्ग)** तथा **निचला** नगर। *पश्चिमी भाग* में **ऊंचाई पर स्थित गढ़** का उपयोग विशाल आयामों वाले भवनों, जैसे-*अन्नागार, प्रशासनिक भवन, स्तम्भों वाला हॉल* और *आंगन* आदि के लिए किया जाता था। गढ़ी में स्थित कुछ भवन संभवत: *शासकों और अभिजात वर्गों के आवास* थे। हालाँकि, सिंधु घाटी सभ्यता के स्थलों में मिस्र और मेसोपोटामिया सभ्यता के विपरीत शासकों के लिए मंदिर या महल जैसे बड़े स्मारक नहीं हैं। अन्नागार, बुद्धिमत्ता के साथ वायुसंचार वाहिकाओं सहित ऊंचे चबूतरों के साथ डिजाइन किए गए थे। इससे अनाज के भंडारण में मदद के साथ ही कीटों से उनकी रक्षा करने में भी सहायता मिलती थी।



चित्र-1.1: *गढ़ व निचला नगर*

हड़प्पाई नगरों की एक प्रमुख विशेषता **सार्वजनिक स्नानागारों** का प्रचलन था। इससे उनकी संस्कृति में कर्मकांडीय पवित्रता के महत्व का संकेत मिलता है। इन स्नानागारों के चारों ओर *दीर्घाओं* और *कक्षों* का समूह था। सार्वजनिक स्नानागारों का सबसे प्रसिद्ध उदाहरण मोहनजोदड़ो के उत्खनित अवशेषों में **'वृहत् स्नानागार'** है।

नगर के **निचले** भाग में, एक-कक्षीय छोटे भवन पाए गए हैं। इनका उपयोग संभवत: *श्रमिक वर्ग के लोगों* द्वारा आवास के रूप में किया जाता था। कुछ घरों में सीढ़ियां भी थीं जिससे संकेत मिलता है कि ये संभवत: *दो मंजिला* भवन थे। अधिकांश भवनों में निजी कुएं और स्नानगृह थे और वायुसंचार की भी उचित व्यवस्था थी।

चित्र-1.2: *मोहन जोदड़ो का बृहत स्नानागार*

हड़प्पा सभ्यता की सबसे प्रमुख विशेषता उसकी **उन्नत जल निकासी व्यवस्था** थी। प्रत्येक घर से निकलने वाली छोटी नालियां मुख्य सड़क के साथ चलने वाली बड़ी नालियों से जुड़ी थीं। नियमित साफ-सफाई और रखरखाव के लिए नालियों को *शिथिल रूप से ढका* गया था। नियमित दूरियों पर **मलकुण्ड (सिसपिट)** बनाए गए थे। व्यक्तिगत और सार्वजनिक दोनों प्रकार की *स्वच्छता* पर दिया गया बल काफी प्रभावशाली है। कई स्थानों पर कुओं की उपस्थित भी देखी गई है।

कई विद्वानों का तर्क है कि टिग्रिस-युफ्रेट्स (दजला-फरात) घाटी के मेसोपोटेमियाई लोग सिंधु घाटी सभ्यता को 'मेलुहा' कहते थे। मेसोपोटामिया में सिंधु घाटी की कई मोहर मिले हैं।

हड़प्पाई सभ्यता की मूर्तियां

हड़प्पाई मूर्तिकार त्रि-आयामी कृतियों से व्यवहार करने में बहुत कुशल थे। सबसे अधिक मोहर, कांस्य मूर्तियां और मृद्भाण्ड प्राप्त हुए हैं।

मोहर

पुरातत्वविदों को सभी उत्खनन स्थलों से अलग-अलग आकार व प्रकार की कई मोहरें मिली हैं। जहां *अधिकांश मुहरें वर्गाकार हैं* तो वहीं त्रिकोणीय, आयताकार और वृत्ताकार मोहरों के उपयोग के भी साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। यद्यपि मोहर बनाने के लिए नदी तल में पाए जाने वाले मुलायम पत्थर, **स्टेटाइट** का सर्वाधिक उपयोग किया जाता था, लेकिन अगेट, चर्ट, तांबा, काचाभ (फायंस) और टेराकोटा की भी मोहरें मिली हैं। सोने और हाथी दांत की मोहरों के भी कुछ उदाहरण मिले हैं।

अधिकांश मोहरों पर **चित्राक्षर लिपि** (pictographic script) में मुद्रालेख भी हैं तथा इन्हें अभी तक पढ़ा नहीं जा सका है। लिपि अधिकांशतः दाएं से बाएं लिखी जाती थी, लेकिन, **द्वि-दिशात्मक लेखन शैली** अर्थात् एक पंक्ति में दाएं से बाएं और दूसरी पंक्ति में बाएं से दाएं भी पाई गई है। इन पर *पशुओं की आकृतियां* (आमतौर पर पाँच) भी मौजूद हैं जिन्हें सतहों पर उत्कीर्णित किया गया है। सामान्य पशु रूपांकन, कूबड़दार बैल, गैंडा, बाघ, हाथी, भैंस, बायसन, बकरी, मारकोर, साकिन, मगरमच्छ आदि के हैं। हालांकि, किसी भी मुहर पर **गाय का कोई साक्ष्य नहीं** मिला है। सामान्यतः, मोहरों पर एक ओर पशु या मानव आकृति है और दूसरी ओर मुद्रालेख है या दोनों ओर मुद्रालेख हैं। साथ ही कुछ मोहरों पर **तीसरी ओर भी** मुद्रालेख हैं।

चित्र-1.3: *यूनिकॉर्न मोहर*

मोहरों का **मुख्य रूप से व्यवसायिक प्रयोजनों के लिए उपयोग** किया जाता था और वे संचार में सहायक होती थीं। मेसोपोटामिया में विभिन्न मोहरों की खोज और लोथल जैसे विभिन्न स्थलों से यह तथ्य पता चलता है कि मोहरों का बड़े पैमाने पर व्यापार के लिए उपयोग किया जाता था। एक छेद वाली कुछ मोहरें शवों पर भी पायी गयी हैं। इससे पता चलता है कि संभवतः इनका **प्रयोग ताबीज के रूप में** किया जाता था। संभवतः इनके धारक द्वारा पहचान के रूप में इनका प्रयोग किया जाता रहा होगा। कुछ मोहरों पर *गणितीय आकृतियां* भी मिली हैं, संभवतः इनका **उपयोग शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए** भी किया जाता होगा। 'स्वास्तिक' सदृश डिजाइन वाली मोहरें भी पायी गई हैं।

मुख्य मोहरों में शामिल हैं - पशुपति की मोहर, यूनीकॉर्न वाली मोहर।

पशुपति वाली मोहर: *मोहनजोदड़ो से मिली स्टेटाइट की मोहर में पालथी मारकर बैठे* ***मानव आकृति*** *या देवता को दर्शाया गया है। पशुपति के रूप में संदर्भित इस आकृति ने तीन सींगों वाला मुकुट पहना है और चारों ओर पशुओं से घिरी है। आकृति के बाईं ओर* ***हाथी*** *और* ***बाघ*** *हैं जबकि दाईं ओर गैंडा और* ***भैंस*** *दिखाई देते हैं। आकृति के आसन के नीचे दो* ***हिरण*** *दर्शाए गए हैं।*

कांस्य मूर्तियां

हड़प्पा सभ्यता व्यापक पैमाने पर कांसे की ढलाई की प्रथा की साक्षी थी। कांसे की मूर्तियों को **'लुप्त मोम तकनीक (lost wax technique)' या 'Cire Perdue'** का उपयोग करके बनाया जाता था। इस तकनीक में, मोम की मूर्तियों पर पहले गीली मिट्टी का लेपन किया जाता था और तब सूखने दिया जाता था। इसके बाद मिट्टी से लेपित मूर्तियों को गर्म किया जाता था जिससे अंदर की मोम पिघल जाती थी। फिर एक छोटे से छेद के माध्यम से मोम को बाहर निकाल दिया जाता था और खोखले सांचे के अंदर पिघली हुई धातु डाली जाती थी। धातु के ठंडा हो जाने और जम जाने के बाद, मिट्टी का लेप हटा दिया जाता था और जैसी मोम की आकृति होती थी उसी आकार की धातु की आकृति तैयार हो जाती थी। *आज भी*, इसी तकनीक का देश के कई भागों में प्रचलन है।

उदाहरण: मोहनजोदड़ो की कांसे की नर्तकी, कालीबंगा का कांसे का बैल आदि।

नर्तकी *की मूर्ति विश्व की सबसे पुराने कांसे की मूर्ति है। मोहनजोदड़ो में मिली चार इंच की इस मूर्ति में* **केवल आभूषण पहने** *हुए एक नग्न महिला को दर्शाया गया है। इसने बाएं हाथ में चूड़ियां तथा दाहिने हाथ पर* **कंगन** *और* **ताबीज** *पहने हुए हैं। यह अपने कूल्हे पर दाहिने हाथ रखे हुए त्रिभंग नृत्य मुद्रा में खड़ी है।*

टेराकोटा

टेराकोटा मूर्तियां बनाने के लिए पकी हुई मिट्टी को उपयोग किया जाता है। कांसे के मूर्तियों की तुलना में, टेराकोटा की मूर्तियां कम संख्या में पायी गयी हैं और आकार एवं रूप में अनगढ़ हैं। इन्हें **पिंचिंग विधि** (Pinching method) का उपयोग करके बनाया जाता था और ये अधिकांशत: **गुजरात और कालीबंगा** के स्थलों से मिली हैं।

उदाहरण: **मातृदेवी की मूर्ति**, सींग वाले देवता का मुखौटा, खिलौने आदि।

मातृदेवी (Mother Goddess) *की मूर्तियां अनेक सिंधु स्थलों से मिली हैं जिससे इनके महत्व का पता चलता है। यह उन्नत वक्षस्थल पर लटके हुए कण्ठाहार से सुसज्जित एक खड़ी महिला की मूर्ति है। यह धोती/कटिवस्त्र और करधनी पहने हुए है। इसने पंखाकार मुकुट भी पहन हुआ है। चेहरे के रूपांकनों को भी बहुत अनगढ़ ढंग से दिखाया गया है तथा इसमें कुशलता का अभाव है। संभवत: इसकी पूजा समृद्धि के लिए की जाती थी। वह उर्वरता की भी देवी रही होंगी।*

- **दाढ़ी वाले पुजारी** (Bearded Priest) (मोहनजोदड़ो से प्राप्त हुयी है तथा स्टेटाइट की बनी है।) की अर्द्ध-प्रतिमा (शरीर का ऊपर हिस्सा)। यह तिपतिया (ट्रेफोइल) पैटर्न वाली 'शॉल में लिपटे एक दाढ़ी वाले व्यक्ति की मूर्ति है जिसकी आंखें लम्बी हैं तथा आधी बंद हैं जैसे कि वह ध्यान मुद्रा में हो। इस मूर्ति के दाहिने हाथ पर एक बाजूबंद और सिर पर सादी बुनी हुई पट्टिका है।

- **पुरुष धड़** की **लाल बलुआ पत्थर** की मूर्ति (हड़प्पा से प्राप्त हुई है)। इस धड़ की दिशा आगे की ओर है। इसके कंधे अच्छी तरह से पके हुए हैं और पेट निकला हुआ है। संभवत: सिर और भुजाओं को जोड़ने के लिए गर्दन और कंधों में सॉकेट छिद्र हैं।

मृद्भाण्ड

उत्खनन स्थलों से मिले मृद्भाण्डों को मोटे तौर पर दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है- *सादे मृद्भाण्ड* और *चित्रित* मृद्भाण्ड। चित्रित मृद्भाण्डों को **लाल व काले मृद्भाण्डों** के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि इसमें पृष्ठभूमि को रंगने के लिए लाल रंग का प्रयोग किया जाता था और चमकदार काले रंग का प्रयोग लाल पृष्ठभूमि पर डिजाइन और आकृतियां बनाने के लिए किया जाता था। वृक्ष, पक्षी, पशुओं की आकृतियां और ज्यामितीय प्रतिरूप चित्रों के आवर्ती विषय थे।

पाए गए अधिकांश मृद्भाण्डों में से **चाक पर बनाए गए मृद्भाण्ड** अति उत्तम हैं। इसके साथ ही कुछ हाथ से भी बने थे। रंग-बिरंगे मृद्भाण्डों के भी कुछ उदाहरण मिले हैं, हालांकि ये बहुत ही दुर्लभ हैं। मृद्भाण्डों का उपयोग सम्भवत: **तीन** मुख्य उद्देश्यों के लिए किया जाता था:

1. सादे मृद्भाण्डों का मुख्य रूप से उपयोग अनाज और पानी के भंडारण आदि जैसे घरेलू प्रयोजनों के लिए किया जाता था।
2. छोटे पात्रों, (सामान्यत: आकार में आधे इंच से भी कम), का सजावटी प्रयोजनों के लिए प्रयोग किया जाता था।
3. तल में बड़े छेद और बगल में छोटे छेदों वाले कुछ **छिद्रित** मृद्भाण्ड भी होते थे। संभवत: इनका उपयोग *शराब उलटने के लिए* किया जाता था।

चित्र-1.4: *(बाएं) लाल और काले मृद्भाण्ड तथा छिद्रित मृद्भाण्ड (दाएं)*

आभूषण

हड़प्पाई लोग आभूषण बनाने के लिए, मूल्यवान धातुओं और रत्नों से लेकर हड्डियों और यहां तक कि पकी हुई मिट्टी जैसी विविधतापूर्ण सामग्री का उपयोग करते थे। पुरुष और महिलाएं **दोनों** कण्ठाहार, पट्टिका, बाजूबंद और अंगूठियों जैसे आभूषण पहनते थे। *करधनी, झुमके और पायल* **केवल महिलाएं ही** पहनती थीं।

कोर्नेलियन, नीलम, क्वार्ट्ज, स्टेटाइट आदि से बने हुए मनके भी काफी लोकप्रिय थे और बड़े पैमाने पर इनका निर्माण किया जाता था। यह बात **चंदहूदड़ो** और **लोथल** में मिले कारखानों से स्पष्ट है। कपड़ों के लिए, हड़प्पाई लोग **कपास** और **ऊन** का उपयोग करते थे। इन्हें अमीरों और गरीबों द्वारा समान रूप से काता जाता था। साथ ही *बाल* और *दाढ़ी की* विभिन्न *शैलियों* से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उस समय के लोग **फैशन** के प्रति भी सजग थे।

मौर्य कला और स्थापत्य कला

श्रमण परंपरा के अंग *बौद्ध धर्म एवं जैन धर्म* के आगमन के साथ ही गंगा घाटी का धार्मिक और सामाजिक परिदृश्य परिवर्तित होने लगा। चूंकि दोनों धर्म वैदिक युग की 'वर्ण प्रथा' और 'जाति प्रथा' का विरोध करते थे, इसलिए इन्हें उन **क्षत्रिय शासकों** का संरक्षण प्राप्त हुआ जो ब्राह्मणवादी वर्चस्व से सजग हो चुके थे। जैसे ही मौर्यों ने अपनी सत्ता की स्थापना की तो राज्य के संरक्षण और व्यक्तिगत पहल के अंतर्गत विकसित स्थापत्य कला और मूर्तिकला के बीच स्पष्ट सीमांकन देखा जा सकता है। इस प्रकार, मौर्य कला को निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है:

दरबारी कला

मौर्य **शासकों** ने राजनीतिक के साथ-साथ धार्मिक कारणों से बड़ी संख्या में स्थापत्य कार्यों का शुभारंभ किया। इन स्थापत्य कार्यों को दरबारी कला के रूप में संदर्भित किया जाता है।

महल या किला



मौर्य साम्राज्य भारत में सत्ता में आने वाला पहला 'शक्तिशाली साम्राज्य था। **पाटलिपुत्र** में राजधानी और **कुम्रहार** में महलों का निर्माण मौर्य साम्राज्य का वैभव प्रतिबिंबित करने हेतु कराया गया था। चंद्रगुप्त मौर्य का महल ईरान में 'पर्सेपोलिस' के 'अकेमीनियन (Achaemanian)' महलों से प्रेरित था। इसकी मुख्य निर्माण सामग्री **लकड़ी** थी। *मेगस्थनीज* ने इस महल का वर्णन मानव जाति की सबसे बड़ी रचनाओं में से एक के रूप में किया था।

चित्र-1.5: *कुम्रहार में अशोक का महल*

इसी प्रकार, *कुम्रहार* स्थित *अशोक का महल* भी एक विशाल संरचना थी। इसमें एक ऊंचा केन्द्रीय स्तंभ

था और यह एक तीन मंजिला लकड़ी का ढांचा था। महल की दीवारों को नक्काशियों और मूर्तियों से सजाया गया था।

स्तम्भ

अशोक के शासनकाल के दौरान स्तंभों पर शिलालेख –राजकीय प्रतीक के रूप में या युद्ध में जीत के उपलक्ष्य में– अति महत्वपूर्ण हो गए। साथ ही उन्होंने राजकीय उपदेशों का प्रचार करने के लिए भी स्तम्भों का उपयोग किया।

औसतन 40 फीट ऊंचे, ये स्तम्भ सामान्यत: **चुनार के बलुआ पत्थर** या प्रस्तर से बनाए गए थे और इसमें **शाफ्ट (Shaft) तथा कैपिटल (capital)** सम्मिलित थे। इसमें लंबा **मूठ (Shaft)** आधार का निर्माण करता था जोकि **प्रस्तर के एक ही खण्ड** अथवा **एकाश्म प्रस्तर** से बना होता था। इसके सबसे ऊपर *कमल* या *घंटे के आकार* में **शीर्ष या ललाट (capital)** रखा जाता था। घंटे के आकार के शीर्ष या ललाट ईरानी स्तम्भों से प्रभावित थे क्योंकि ये स्तंभ अत्यधिक पॉलिशदार और चमकदार थे। ललाट के ऊपर *वृत्ताकार या आयताकार आधार* होता था जिसे **अबेकस (abacus)** कहा जाता है तथा जिस पर **पशु मूर्ति** होती थी।



चित्र-1.6: *अशोक स्तंभ की आधारभूत संरचना*

उदाहरण: चंपारण में लौरिया नंदनगढ़ स्तंभ, वाराणसी के पास **सारनाथ स्तंभ,** आदि।

राष्ट्रीय प्रतीक *(National Emblem)*



सारनाथ स्तंभ का शीर्ष फलक (abacus) *और पशु भाग भारत का आधिकारिक* ***राष्ट्रीय प्रतीक*** *है। सारनाथ स्तंभ के शीर्ष फलक में, चार दिशाओं को निरूपित करते हुए चार पशु – **चौकड़ी भरता अश्व** (पश्चिम), **हाथी** (पूर्व), **वृषभ** (दक्षिण) और **सिंह** (उत्तर) दर्शाए गए हैं। ये पशु अनंत काल तक अस्तित्व का पहिया घुमाते हुए एक दूसरे का पीछा करते हुए प्रतीत होते हैं।*

हाथी, रानी माया का स्वप्न, एवं उनके गर्भ में प्रवेश करता हुआ श्वेत हाथी दर्शाता है। बैल वृष राशि का चिन्ह दर्शाता है, जिस महीने में बुद्ध का जन्म हुआ था। अश्व कंथक अश्व को निरूपित करता हैं, जिसका बुद्ध ने राज्य से दूर जाने के लिए उपयोग किया था। सिंह ज्ञान प्राप्ति दर्शाता है।

मुंडक उपनिषद *से लिया गया **सत्यमेव जयते** शब्द, जिसका अर्थ 'सत्य की सदा विजय होती है' है, **देवनागरी लिपि** में शिलालेख के नीचे उत्कीर्ण है।*

चार सिंह सभी दिशाओं में धम्म का प्रसार करते हुए बुद्ध को प्रतीकबद्ध करते हैं। इसे बुद्ध द्वारा दिये गए पहले धर्मोपदेश की स्मृति में बनवाया गया था तथा इसे धम्मचक्रप्रवर्तन के नाम से जाना जाता है ।

स्तूप

स्तूप वैदिक काल से भारत में प्रचलित *शवाधान टीले* थे। यह अंत्येष्टि पुंज का पारंपरिक प्रदर्शन होते हैं जिसमें मृतकों के अवशेष और राख को रखा जाता था। अशोक के राज्यकाल के दौरान, स्तूप कला अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंच गयी। उनके राज्यकाल के दौरान लगभग 84,000 स्तूप बनवाए गए थे।

वैदिक परंपरा से प्रेरित स्तूपों को बौद्धों द्वारा लोकप्रिय बनाया गया। *बुद्ध की मृत्यु के बाद 9 स्तूप बनवाए गए थे।* इनमें से 8 में उनकी मेधी में बुद्ध के अवशेष थे जबकि नौवें में वह बर्तन था, जिसमें मूल रूप से इन अवशेषों को रखा गया था। स्तूप के विभिन्न भागों को प्रदर्शित करने वाला मूलभूत आरेख नीचे दिया गया है।

स्तूप का कोर, कच्ची ईंटों का बना होता था जबकि बाहरी सतह का निर्माण पकी ईंटों से किया जाता था और इसे प्लास्टर की मोटी परत से ढका जाता था। ***मेधी*** और ***तोरणों*** को लकड़ी की मूर्तियों द्वारा सजाया गया था। श्रद्धालुओं द्वारा पूजा के प्रतीक के रूप में **प्रदक्षिणा-पथ** के चारों ओर चक्कर लगाया जाता है।



चित्र-1.7 *विभिन्न भागों के साथ स्तूप की आधारभूत संरचना*

उदाहरण: मध्य प्रदेश का **सांची का स्तूप** अशोक के स्तूपों में सबसे प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश में पिपरहवा का स्तूप सबसे प्राचीनतम स्तूप है।

बुद्ध की मृत्यु के बाद बनाए गए 9 स्तूपों के राजगृह, वैशाली, कपिलवस्तु, अलकप्प, रामग्राम, वेथपीड़ा (Vethapida), पावा, कुशीनगर और पीपली वन हैं।

अशोक के स्तंभों और अकेमीनियन स्तंभों के बीच अंतर

आधार	अशोक के स्तंभ	अकेमीनियन स्तम्भ (Iran)
रचना	अशोक स्तंभ एकाश्म थे अर्थात् इन्हें प्रस्तर के एक ही खण्ड से बनाया गया था। (मुख्यतः चुनार के बलुआ पत्थर से।)	अकेमीनियन स्तम्भ बलुआ प्रस्तर के विभिन्न टुकड़ों को एक साथ मिलाकर बनाए गए थे।
स्थान	अशोक के स्तंभों को स्वतंत्र रूप से स्थापित कराया जाता था।	अकेमीनियन स्तम्भ सामान्यतः राजभवनों से संलग्न होते थे।

लोकप्रिय कला

राजकीय संरक्षण के अतिरिक्त, गुफा स्थापत्य कला, मूर्तिकला और मृद्भाण्डों के **व्यक्तिगत प्रयास** से भी कला को अभिव्यक्ति मिली। इन्हें एक साथ कला और स्थापत्य कला के लोकप्रिय रूपों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

गुफा स्थापत्य कला

इस अवधि में चट्टानों को काटकर बनाई गई गुफा स्थापत्य कला का उद्भव देखा गया। मौर्य काल के दौरान, जैन और बौद्ध भिक्षु सामान्यतः इन गुफाओं का **विहार यानी निवास स्थल** के रूप में उपयोग करते थे। जबकि आरंभिक गुफाओं का उपयोग आजीवक करते थे, वहीं बाद में ये बौद्ध मठों के रूप में लोकप्रिय हो गए। मौर्य काल के दौरान की गुफाओं की विशेषता **अत्यधिक पॉलिशदार** भीतरी दीवारें व **अलंकृत प्रवेश द्वार थे।**

चित्र-1.8: *बराबर गुफाओं में अलंकृत प्रवेश द्वार*

उदाहरण: बिहार में **बराबर** और **नागार्जुनी** की गुफाओं का निर्माण अशोक तथा उनके पोते दशरथ के राज्यकाल के दौरान तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में किया गया था।

नासिक की गुफाएं

नासिक की गुफाएं 24 बौद्ध गुफाओं का समूह हैं, जिन्हें **'पांडव लेनी'** भी कहा जाता है। ये पहली शताब्दी ईसा पूर्व से तीसरी शताब्दी ईसवी के दौरान निर्मित की गई थीं तथा ये हीनयान संप्रदाय से संबंधित हैं। हालांकि, बाद में इन गुफाओं पर महायान संप्रदाय का भी प्रभाव देखा जा सकता है। हीनयान संप्रदाय के अंतर्गत, बुद्ध की उपस्थिति **सिंहासन और पदचिन्ह्** जैसे रूपांकनों और प्रतीकों के उपयोग के माध्यम से दर्शाई गई है। और बाद में, इन गुफाओं में बुद्ध की मूर्तियां भी बनाई गई जो महायान बौद्ध धर्म का प्रभाव निरूपित करती हैं। यह स्थल **जल प्रबंधन की** उत्कृष्ट **प्रणाली** भी दर्शाता है जो ठोस चट्टानों से काटकर बनाए गए तालाबों की उपस्थिति से इंगित होता है।

मूर्तिकला

मूर्तियों का मुख्य रूप से उपयोग स्तूप की सजावट, तोरण तथा मेधी में और धार्मिक अभिव्यक्ति के रूप में किया जाता था। मौर्य काल की दो प्रसिद्ध मूर्तियां **यक्ष** और **यक्षिणी** की हैं। ये सभी **तीन धर्मों** (जैन, हिंदू और बौद्ध धर्म) में पूजनीय थीं। यक्षिणी का सबसे पुराना उल्लेख तमिल रचना *शिलप्पादिकारम* में मिलता है। इसी प्रकार, *सभी जैन तीर्थंकर यक्षिणी से संबंधित थे।*



चित्र-1.9: *(बाएं से) यक्षिणी, यक्ष की मूर्ति*

मृद्भाण्ड

मौर्य काल के मृद्भाण्डों को सामान्यत: **उत्तरी काले पॉलिशदार मृद्भाण्ड** (NBPW) या चित्रित धूसर मृद्भाण्ड के रूप में जाना जाता है। इनकी विशेषता **काला रंग** और **अत्यधिक चमक** है और सामान्यत: इनका उपयोग **विलासिता की वस्तुओं** के रूप में किया जाता था। इन्हें प्राय: *उच्चतम स्तर के मृद्भाण्ड* के रूप में संदर्भित किया जाता है।

चित्र-1.10: *उत्तरी काले पॉलिशदार मृद्भाण्ड का नमूना*

मौर्योत्तर कला

दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद, भारत के विभिन्न भागों में छोटे-छोटे राजवंशों का उदय हुआ। इनमें उत्तर में **शुंग, कण्व, कुषाण** और **शक** प्रमुख थे जबकि दक्षिणी और पश्चिमी भारत में **सातवाहन, इक्ष्वाकु, आभीर** और **वाकाटक** ने प्रसिद्धि प्राप्त की। इसी प्रकार, धार्मिक परिदृश्य ने *शैव, वैष्णव* और *शाक्त* जैसे ब्राह्मण संप्रदायों का उद्भव देखा। साथ ही इस अवधि की कला ने बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को भी परिलक्षित करना आरंभ किया। चट्टानों को काटकर बनाई गई गुफाओं और स्तूपों के रूप में स्थापत्य कला जारी रही, लेकिन साथ ही कुछ राजवंशों ने अपनी स्वयं की कुछ अनूठी विशेषताएं प्रचलित की। इसी प्रकार, मूर्ति कला की विभिन्न 'शैलियों का उद्भव हुआ और मौर्योत्तर काल में मूर्ति कला अपने **चरमोत्कर्ष** पर पहुंच गयी।

स्थापत्य कला

चट्टानों को काटकर बनाई गई गुफाएं

मौर्य काल की भांति चट्टानों से बनाई गई गुफाओं का निर्माण जारी रहा। हालांकि, इस अवधि में चट्टानी गुफाओं के **दो** प्रकारों अर्थात् **चैत्य** और **विहार** का विकास देखा गया। यह विहार बौद्ध और जैन भिक्षुओं के लिए **आवासीय कक्ष** होते थे और इनका विकास मौर्य साम्राज्य के दौरान हुआ था। चैत्य कक्षों का विकास इस अवधि के दौरान हुआ था। चैत्य मुख्य रूप से समतल छतों वाले चतुष्कोणीय कक्ष थे और **प्रार्थना कक्ष** के रूप में इनका उपयोग किया जाता था। इन गुफाओं में खुले प्रांगण तथा बारिश से बचाने के लिए पत्थर-रोड़ी की दीवारें भी थीं। इन्हें मानव और पशु आकृतियों से अलंकृत किया गया था।

उदाहरण: कर्ले का चैत्य, अजंता की गुफाएं (29 गुफाएं - 25 विहार + 4 चैत्य) आदि।

उदयगिरि और खंडगिरि की गुफाएं, ओडिशा

वर्तमान भुवनेश्वर के निकट प्रथम-द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व में कलिंग राजा खारवेल के अधीन इन्हें बनाया गया था। इस गुफा परिसर में मानव निर्मित और प्राकृतिक दोनों प्रकार की गुफाएं हैं। संभवत: जैन भिक्षुओं के निवास के लिए इन्हें बनाया गया था। उदयगिरि में 18 और खंडगिरी में 15 गुफाएं हैं।

उदयगिरि की गुफाएं **हाथीगुम्फा अभिलेख** के लिए प्रसिद्ध हैं जिसे **ब्राह्मी लिपि** में उत्कीर्णित किया गया था। यह अभिलेख 'जैन नमोकार मंत्र' के साथ आरम्भ होता है और राजा खारवेल द्वारा किए गए विभिन्न सैन्य अभियानों पर प्रकाश डालता है। **उदयगिरी में रानीगुम्फा** दो-मंजिला **गुफा** है और उसमें कुछ सुंदर मूर्तियां हैं।

स्तूप

मौर्योत्तर काल में स्तूप, *विशाल* और *अधिक अलंकृत* होते गए। लकड़ी और ईंट के स्थान पर *प्रस्तर* का अधिक से अधिक उपयोग किया जाने लगा। शुंग राजवंश ने स्तूपों के सुंदरतापूर्वक अलंकृत प्रवेश द्वारों के रूप में तोरण का निर्माण आरंभ किया। तोरणों को जटिल आकृतियों और पैटर्नों के साथ उत्कीर्णित किया जाता था और ये **हेलेनिस्टिक** (Hellenistic or Greek) **प्रभाव** के साक्ष्य हैं।

उदाहरण: मध्य प्रदेश में भरहुत का स्तूप, सांची के स्तूप का तोरण, आदि।

मूर्ति कला

इस अवधि में मूर्ति कला की **तीन** प्रमुख शैलियों अर्थात् गांधार, मथुरा और अमरावती शैली का विकास अलग-अलग स्थानों पर हुआ।

गांधार शैली

आधुनिक पेशावर और अफगानिस्तान के निकट पंजाब की पश्चिमी सीमाओं से संलग्न हिस्से में गांधार कला शैली का विकास हुआ। यूनानी आक्रमणकारी अपने साथ **यूनानी और रोमन मूर्तिकारों** की परंपराएं लाए जिससे इस क्षेत्र की स्थानीय परंपराएं प्रभावित हुईं। इस प्रकार, गांधार शैली को **कला की ग्रीक-इंडियन शैली** के रूप में भी जाना जाने लगा।

गांधार शैली का विकास 50 ईसा पूर्व से लेकर 500 ईसवी तक की अवधि में दो चरणों में हुआ। जहां आरंभिक शैली को **नीले-धूसर बलुआ प्रस्तर** के प्रयोग के लिए जाना जाता है, वहीं उत्तरवर्ती शैली में मूर्तियां बनाने के लिए **मिट्टी और प्लास्टर का उपयोग** किया जाता था। बुद्ध और बोधिसत्वों की मूर्तियां **ग्रीक-रोमन देवताओं** पर आधारित हैं तथा *अपोलो की मूर्ति से मिलती-जुलती* हैं।

मथुरा शैली

मथुरा शैली का विकास *पहली और तीसरी 'शताब्दी ईसवी* के बीच की अवधि में यमुना नदी के किनारे हुआ। मथुरा शैली की मूर्तियां उस समय के **सभी तीनों धर्मों** (*बौद्ध धर्म, हिंदू धर्म और जैन धर्म*) की कहानियों और चित्रों से प्रभावित थी। ये मूर्तियां मौर्य काल के दौरान मिली यक्ष मूर्तियों के नमूने पर आधारित हैं।

मथुरा शैली ने मूर्तियों में **प्रतीकों** का प्रभावशाली उपयोग दिखाया। हिंदू देवताओं का प्रदर्शन उनकी 'आयुध (हथियार और उपकरन)' का उपयोग करके किया गया था। उदाहरण के लिए, शिव को लिंग और मुखलिंग के माध्यम से दिखाया गया है। इसी प्रकार, बुद्ध के सिर के चारों ओर का प्रभामंडल गांधार शैली की तुलना में बड़ा है और ज्यामितीय पैटर्न से अलंकृत है। बुद्ध को दो बोधिसत्वों (कमल पकड़े पद्मपाणि और वज्र पकड़े वज्रपाणि) से घिरा हुआ दिखाया गया है।

अमरावती शैली

भारत के दक्षिणी भाग में, अमरावती शैली का विकास **सातवाहन शासकों** के संरक्षण में **कृष्णा नदी के किनारे** हुआ। जहां अन्य दो शैलियों ने एकल आकृतियों पर बल दिया। वहीं, अमरावती शैली में **गतिशील आकृतियों** या **कथात्मक कला** के प्रयोग पर अधिक बल दिया गया। इस शैली की मूर्तियों में त्रिभंग आसन यानी 'तीन झुकावों के साथ शरीर' का अत्यधिक प्रयोग किया गया है।

गांधार, मथुरा और अमरावती शैलियों के बीच अंतर

आधार	गांधार शैली	मथुरा शैली	अमरावती शैली
बाहरी प्रभाव	**यूनानी** या हेलेनिस्टिक मूर्ति कला का भारी प्रभाव, अत: इसे **भारतीय-यूनानी कला** के रूप में भी जाना जाता है।	**यह शैली स्वदेशी रूप में** विकसित हुई तथा बाह्य संस्कृतियों से प्रभावित नहीं थी।	**यह शैली भी स्वदेशी रूप में** विकसित हुई और बाह्य संस्कृतियों से प्रभावित नहीं थी।
प्रयुक्त सामग्री	प्रारंभिक गांधार शैली में **नीले-धूसर बलुआ प्रस्तर** का उपयोग किया जाता था, जबकि बाद की अवधि में **मिट्टी और प्लास्टर** का उपयोग किया गया।	मथुरा शैली की मूर्तियां **चित्तीदार लाल बलुआ प्रस्तर** का उपयोग करके बनाई गई थीं।	अमरावती शैली की मूर्तियां **सफेद संगमरमर** का उपयोग करके बनाई गई थीं।
धार्मिक प्रभाव	ग्रीको रोमन देवताओं से प्रभावित एवं मुख्य रूप से **बौद्ध चित्रकला।**	उस समय के **तीनों धर्मों** यानी हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म का प्रभाव।	मुख्य रूप से **बौद्ध प्रभाव।**
संरक्षण	**कुषाण** शासकों का संरक्षण।	**कुषाण** शासकों का संरक्षण।	**सातवाहन** शासकों का संरक्षण।
विकास क्षेत्र	**उत्तर पश्चिम सीमांत,** आधुनिक कंधार क्षेत्र में विकसित हुई। कंकालीटीला जैन मूर्तियों के लिये प्रसिद्ध है।	**मथुरा, सोंख** और **कंकालीटीला** में और आसपास के क्षेत्रों में विकसित हुई कंकालीटीला जैन मूर्तियों के लिये प्रसिद्ध है।	**कृष्णा-गोदावरी की निचली घाटी** में, अमरावती और नागार्जुनकोंडा में और आसपास के क्षेत्रों में विकसित हुई
बुद्ध की मूर्ति की विशेषताएं	लहराते बालों के साथ, बुद्ध को **आध्यात्मिक मुद्रा** में दिखाया गया है। उन्होंने **बहुत कम आभूषण** धारण किए हैं और **योगी** मुद्रा में बैठे हैं। आंखें **आधी बंद** हैं जैसे कि ध्यान मुद्रा में हों। सिर पर **उभार या जटा** को दिखाया गया है। यह बुद्ध की सर्वज्ञता को दर्शाता है।	बुद्ध को मुस्कुराते चेहरे के साथ **प्रसन्नचित्त** दिखाया गया है। तंग कपड़े पहने हुए, शरीर हृष्ट -पुष्ट है। चेहरा और सिर **मुंडा** हुआ है। बुद्ध विभिन्न मुद्राओं में **पद्मासन** में बैठे हैं और उनका चेहरा विनीत भाव दर्शाता है। सिर पर वैसा ही **उभार या जटा** दिखायी गयी है।	चूंकि मूर्तियां सामान्यत: **कथात्मक कला** का अंग हैं। अत: बुद्ध की व्यक्तिगत विशेषताओं पर कम बल दिया गया है। मूर्तियां सामान्यत: बुद्ध के जीवन और **जातक कथाओं** को दर्शाती है अर्थात, मानव और पशु दोनों रूप में बुद्ध के पिछले जीवन को बताती हैं।

चित्र-1.11: *(बाएं से) गांधार कला शैली, मथुरा कला शैली, कला की अमरावती शैली*

यूनानी कला और रोमन कला

यू और रोमन शैली के बीच कुछ अंतर है तथा गांधार शैली दोनों शैलियों का एकीकरण करती है। यूनानियों की **आदर्शवादी** शैली भगवान और अन्य मनुष्यों के पेशीय चित्रण में बल और सौंदर्य दर्शाते हुए परिलक्षित होती है। **संगमरमर** का उपयोग करके यूनानी पार्थेनन की कई यूनानी पौराणिक आकृतियों की मूर्तियां बनाई गई हैं।

वहीं दूसरी ओर, रोमवासी अलंकरण और सजावट के लिए कला का उपयोग करते थे जबकि यूनानी आदर्शवाद के विपरीत प्रकृति में **यथार्थवादी** थे। रोमन कला यथार्थवाद को प्रदर्शित करती है तथा वास्तविक लोगों एवं प्रमुख ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण करती है। रोमवासी अपनी मूर्तियों में **कंक्रीट** का उपयोग करते थे। रोमवासी अपने भित्ति चित्रों के लिए भी प्रसिद्ध थे।

चित्र-1.12: *यूनानी-रोमन शैली में बुद्ध और रोमन चित्रांकन समानताएं दर्शा रहा है।*